# केंद्रीय विद्यालय महबूबाबाद

# विद्या प्रकाश

तत् त्वं पूषन् अपावृणु

2025-26



# OUR PATRONS



**Shri. SANTHOSH KUMAR N**

**DEPUTY COMMISSIONER, KVS RO HYDERABAD**



**Shri. REJI V.R. NATH**

**ASST. COMMISSIONER, KVS RO HYDERABAD**



**Smt. GKP KRISHNAVENI**

**ASST. COMMISSIONER, KVS RO HYDERABAD**



**Smt. P ANURADHA**

**ASST. COMMISSIONER, KVS RO HYDERABAD**



**Shri. A. A. ISRAEL**

**ASST. COMMISSIONER, KVS RO HYDERABAD**



## सन्देश / Message

शिक्षा एक आजीवन सीखने की प्रक्रिया है और इसलिए हमारा मिशन हमारे विद्यार्थियों को शिक्षार्थी के रूप में सीखने का माहौल प्रदान करना है। एक बच्चा स्वाभाविक रूप से सीखने वाला होता है, इसलिए उसे अपने आस-पास की दुनिया को खुशी-खुशी तलाशना चाहिए और उसके साथ सामंजस्य बिठाना चाहिए। ई-पत्रिका 2025 **(विद्या प्रकाश)** के विमोचन की घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। ई-पत्रिका विद्यालय में आयोजित बहुमुखी गतिविधियों की उभरती प्रतिभाओं की झलक दिखाती है। यह पत्रिका विद्यार्थियों के रचनात्मक साहित्यिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है और हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभा को बाहर लाने, उनकी क्षमता और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों को दर्शाती है। मैं अपने सभी शिक्षकों और नन्हे-मुन्नों को इस समाचार पत्र को वास्तविकता में लाने के उनके प्रयासों के लिए अपना आशीर्वाद देता हूँ। आने वाले वर्ष आप सभी के लिए सफलता, अच्छा स्वास्थ्य और खुशियाँ लेकर आएँ। भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएँ।

Education is a lifelong learning process and our mission therefore is to provide a Learning Environment to our students as learners. A child being a natural learner should be engaged in joyfully exploring the world around him and harmonizing with it. It gives me immense pleasure in announcing the release of E-Magazine 2025 **VIDYA PRAKASH**. The E-Magazine showcases the glimpses of the budding talents of multifaceted activities organized in the Vidyalaya. The magazine offers an excellent platform to encourage the creative literary work of students and reflects the various activities taken by our teachers and students to bring out the talent, exhibit their potential and achievements. I extend my blessings to all my teachers and Tiny Tots for their efforts made in bringing this News letter to reality. May the years to come bring you all success, good health and happiness. My Best wishes for future endeavours.

PRINCIPAL I/C

# शिक्षकों के लेख, कविताएँ, आदि

## प्राथमिक के नन्हे तारे

नन्हे-नन्हे कदम बढ़ाते,
सपनों की दुनिया सजाते।
कंधों पर बस्ता छोटा सा,
मन में साहस मोटा सा।
हाथों में रंग-बिरंगी किताबें,
आँखों में जगमगाते ख्वाबें।
अ, आ, इ से सीखें ज्ञान,
खेल-खेल में बने महान।
मस्ती उनकी प्यारी-प्यारी,
बातें जैसे फुलझड़ी सारी।
गिरते हैं फिर उठ जाते,
हँसकर सबको गले लगाते।
प्रार्थना में स्वर मिलाते,
सच और मेहनत अपनाते।
कल के वे उजियारे हैं,
देश के सच्चे सहारे हैं।
नन्हे-नन्हे ये विद्यार्थी,
सीधे, सच्चे, बहुत ही सादे।
इनसे ही है जग की शान,
इनसे ही भारत महान।



*ए. क्रांति कुमार*
*पी आर टी*

# संगीत: जीवन का माधुर्य

## "गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते।"

(गायन , वादन एवं नृत्य—इन तीनों कलाओं के संगम को संगीत कहा जाता है।)

संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह आत्मा की भाषा है। जन्म से लेकर मृत्यु तक, मनुष्य का जीवन संगीत की अदृश्य डोर से बंधा होता है। माँ की लोरी से शुरू हुआ यह सफर ईश्वर की स्तुति और जीवन के उत्सवों तक फैला हुआ है। संगीत हमारे मानसिक तनाव को कम कर हृदय में शांति और एकाग्रता का संचार करता है।

जीवन से संगीत का जुड़ाव

संगीत का जुड़ाव हमारे अस्तित्व के हर पहलू से है:

भावनात्मक संबंध: जब शब्द विफल हो जाते हैं, तब संगीत हमारी भावनाओं को व्यक्त करता है। खुशी में लय तेज हो जाती है और दुःख में सुर गहरे।

स्वास्थ्य और मन: आधुनिक विज्ञान भी मानता है कि संगीत 'थैरेपी' का काम करता है। यह रक्तचाप को संतुलित करता है और मस्तिष्क को नई ऊर्जा देता है।

साधना: भारतीय संस्कृति में संगीत को मोक्ष का मार्ग माना गया है।

"वीणावादनतत्त्वज्ञः श्रुतिजातिविशारदः।

तालज्ञश्चाप्रयासेन मोक्षमार्गं निगच्छति॥"

(अर्थात: वीणा वादन के तत्वों को जानने वाला, श्रुति और ताल का ज्ञाता बिना किसी कठिन प्रयास के मोक्ष मार्ग को प्राप्त कर लेता है।)

निष्कर्ष

संगीत जीवन को नीरसता से बाहर निकालकर उसमें आशा और आनंद भरता है। यह वह अमृत है जो कड़वाहट भरे पलों में भी मिठास घोल देता है। जिस जीवन में संगीत नहीं, वह उस वृक्ष के समान है जिस पर कभी फूल नहीं खिलते।



इसलिए, संगीत को अपने जीवन का हिस्सा बनाना ही सच्ची खुशहाली है। तभी हम सब उत्तम स्वास्थ्य और उत्तम जीवन को प्राप्त कर सकते हैं ।

गिरिधर गोपाल शुक्ल
प्राथमिक शिक्षक संगीत
केंद्रीय विद्यालय महबूबाबाद

# समता की प्रतिमा

समता की प्रतिमा 11 वीं शताब्दी के वैष्णव संत रामानुजाचार्य की प्रतिमा है जो चिन्ना जीयार ट्रस्ट के परिसर में स्थित है। इसे 'रामानुज प्रतिमा' भी कहते हैं। 5 फरवरी, 2022 को वसंत पंचमी के दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने तेलंगाना के हैदराबाद में समता की प्रतिमा (Statue of Equality) का अनावरण किया । स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची बैठी मुद्रा वाली प्रतिमा है। इसकी ऊंचाई 216 फुट है। इसे पंचलोहा से बनाया गया है, जो कॉपर, सिल्वर, गोल्ड, जिंक और टाइटेनियम का मिश्रण होता है। इसमें भी करीब 80 फीसदी तो सिर्फ कॉपर ही होता है। इस प्रतिमा का उद्घाटन उनकी 1000वीं जयंती के 12 दिनों तक चलने वाले समारोह का हिस्सा है। रामानुजाचार्य जी का मानना था कि भगवान की दृष्टि में सभी लोग समान हैं और भगवान सभी को समान रूप से प्यार करता है। उन्होंने उस समय वर्ग, जाति और लिंग के आधार पर समाज में व्याप्त असमानताओं का विरोध किया। श्री रामानुजाचार्य जी का परिचय रामानुजाचार्य (जन्म: 1077 CE प्रवर्तक थे। वह ऐसे वैष्णव सन्त थे जिनका भक्ति परम्परा पर बहुत गहरा प्रभाव रहा। रामानुज का जन्म श्रीपेरुमबुदुर नामक गाँव में हुआ था जो वर्तमान समय में तमिलनाडु के कांचीपुरम ज़िले में आता है। बचपन में उन्होंने कांची जाकर अपने गुरू यादव प्रकाश से वेदों की शिक्षा ली। रामानुजाचार्य आलवार सन्त यमुनाचार्य के प्रधान शिष्य थे। गुरु के इच्छानुसार रामानुज से तीन विशेष काम करने का संकल्प कराया गया था ब्रह्मसूत्र, विष्णु सहस्रनाम और दिव्य प्रबन्धम् की टीका लिखना। मृत्युः 1157 CE) विशिष्टाद्वैत वेदान्त के उन्होंने श्रीरंगम् के यतिराज नामक संन्यासी से सन्यास की दीक्षा ली।



उन्होंने वैष्णव धर्म के प्रचार के लिये पूरे भारतवर्ष का ही भ्रमण किया। ईसवी 1157 सन् में 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर वे ब्रह्मलीन हुए। रामानुजाचार्य जी ने पिछड़े वर्ग के लोगों को गले लगाकर समानता का संदेश दिया। यादवगिरि पर उन्होंने नारायण मंदिर बनवाया जिसमें दलितों को दर्शन-पूजन का अधिकार दिया। रामानुजाचार्य जी ने बताया कि धर्म कहता है - "न जातिः कारणं लोके गुणाः हेतवः" अर्थात् संसार में जाति से नहीं बल्कि गुणों से कल्याण होता है। जाति के नाम पर जिनके साथ भेद-भाव होता था उन्हें रामानुजाचार्य जी ने 'तिरुकुलट्टर' नाम दिया मतलब लक्ष्मी जी के कुल में जन्म लेने वाला। बाबासाहेब अबेडकर जैसे समानता के आधुनिक नायक भी रामानुजाचार्य जी के शिक्षाओं से प्रेरित थे। यह समता की प्रतिमा आने वाले पीढ़ियों को समाज में समानता को स्थापित करने में प्रेरित करेगी।



रीता चौहान
टीजीटी हिंदी

## GAMES & SPORTS is a part of Life

Games and sports are an essential part of a student's life. They are not only important for physical fitness but also for mental, emotional, and social development. In today's competitive world, students need a balance between studies and physical activities, and sports provide that balance.

Firstly, games and sports help students maintain good physical health. Regular participation in activities like running, football, cricket, and other games improves strength, stamina, and flexibility. It also keeps students active and protects them from lifestyle diseases.

Secondly, sports play a vital role in improving mental health. Playing games refreshes the mind and reduces stress and anxiety caused by academic pressure. It improves concentration, memory, and overall brain function, which helps students perform better in their studies.

Moreover, games and sports teach valuable life skills. Students learn discipline, teamwork, leadership, and time management. They understand the importance of following rules and respecting others. Winning builds confidence, while losing teaches patience and resilience.

In addition, sports encourage social interaction. Students make new friends, develop communication skills, and learn how to work together towards a common goal. These social skills are very important for their future careers and personal life.



Furthermore, participation in sports can open career opportunities. Talented students can pursue sports professionally and represent their school, state, or even the country.

In conclusion, games and sports are as important as academics in a student's life. They help in developing a healthy body, a sharp mind, and a strong character. Therefore, every student should actively take part in games and sports for overall growth and success.

*Dasu Durga prasad,*
TGT P & HE
KV Mahabubabad

## MATHEMATICS PATTERN

Mathematics is the language of patterns, logic, and precision. As a core part of Mathematics, it helps us understand quantities, relationships, and change—from simple counting to complex scientific theories.

Its main branches include arithmetic (basic operations), algebra (equations and unknowns), geometry (shapes and space), and calculus (change and motion). Together, they form the foundation of science, engineering, and technology.



Mathematics is deeply woven into daily life. It powers computers, guides economic decisions, supports medical research, and helps us solve practical problems like budgeting and planning. Its universal nature means mathematical truths remain the same everywhere in the world.

More than just numbers, mathematics builds clear thinking and problem-solving skills. It is a powerful tool that continues to drive innovation and human progress.

Bhaskar Yadav,
TGT Maths
KV Mahabubabad

## लेख: समय का सदुपयोग

समय हमारे जीवन का सबसे अनमोल धन है। एक बार जो समय बीत जाता है, वह कभी वापस नहीं आता। इसलिए हमें समय का सही उपयोग करना चाहिए। जो विद्यार्थी समय का महत्व समझते हैं, वे जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।

हमें अपने सभी कार्य समय पर करने चाहिए। पढ़ाई, खेल, आराम और अन्य कार्यों के लिए समय निर्धारित करना चाहिए। समय पर उठना, विद्यालय जाना और गृहकार्य पूरा करना अच्छी आदतें हैं।

जो लोग समय को व्यर्थ गंवाते हैं, वे बाद में पछताते हैं। समय का सदुपयोग करने से जीवन व्यवस्थित बनता है और लक्ष्य प्राप्त करना आसान हो जाता है।

**" हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि समय बहुत कीमती है।"**
**"समय का जो करे सम्मान, सफलता बने उसकी पहचान।"**

ताज पाशा और रीतेश कुमार मौर्य
कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर प्र.स्न.शि. कार्य अनुभव
केंद्रीय विद्यालय महबूबाबाद

# लेख: असफलता से सफलता तक

जीवन में सफलता प्राप्त करना हर व्यक्ति का सपना होता है, लेकिन सफलता का मार्ग हमेशा सरल नहीं होता। इस मार्ग में अनेक कठिनाइयाँ और असफलताएँ आती हैं। असफलता हमें निराश करने के लिए नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की प्रेरणा देने के लिए आती है। जो व्यक्ति असफलता से सीख लेता है, वही सच्ची सफलता प्राप्त करता है।

असफलता हमें हमारी कमियों का एहसास कराती है और सुधार करने का अवसर देती है। यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा में असफल हो जाए, तो उसे हार मानने के बजाय अपनी गलतियों को सुधारना चाहिए। लगातार प्रयास, मेहनत और आत्मविश्वास से वह अगली बार अवश्य सफल होगा।

इतिहास में अनेक महान व्यक्तियों ने कई बार असफलता का सामना किया, लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपनी गलतियों से सीखा और अंततः महान सफलता प्राप्त की। इससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि सफलता की पहली सीढ़ी है।
हमें असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि धैर्य और साहस के साथ आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। इसलिए कहा जाता है कि असफलता ही सफलता की जननी है।

**“ सफल वही होता है, जो असफलता से डरता नहीं। “**
**“ असफलता अनुभव देती है, अनुभव सफलता देता है। “**



रीतेश कुमार मौर्य
प्र.स्न.शि. कार्य अनुभव
केंद्रीय विद्यालय महबूबाबाद
मोबाइल नं : 9161564142

# कविता : विद्या

विद्या देती ज्ञान

विद्या देती उजाला,

विद्या देती मुक्ति

मुक्ति अंधकार से, भ्रम से, डर से

विद्या देती साहस

अन्याय से लड़ने का साहस

जीवन के संघर्षों से जूझने का साहस

विद्या देती शक्ति

शरीर की शक्ति, मन की शक्ति,

भावनाओं की शक्ति, क्योंकि विद्या ज्ञान देती

विद्या सिखाती सृजन

सृजन से निर्मित, विकसित, पुष्पित

पल्लवित होता हमारा जीवन

विद्या से सीखते नित नई तकनीक, कौशल

इसलिए विद्या है सबसे बड़ा धन

विद्या से होता मानव का नया जन्म

विद्या से मिलती हमें जीवन में नई दृष्टि ।।

विद्या ही दिलाती हमें मुक्ति जीवन के समस्त बंधनों से मुक्ति ।।

विद्या सीखाती है हमें विनम्र होना,

विनम्रता हमें सिखाती जीवन में आगे बढ़ना ।।



सतीश कुमार चौधरी
पुस्तकालय अध्यक्ष
केंद्रीय विद्यालय महबूबाबाद
मोबाइल नं : 9461234251

# जिन्दगी का सफ़र

नन्हें कदमों से शुरू हुई थी मेरी ये कहानी,
खिलौनों की दुनिया थी और बचपन मेरी सुहानी।
वो माँ की लोरी, वो पापा का सर हाथ,
बिना किसी फिक्र के कटती थी हर रात।
मिट्टी के घरों में बसता था सारा जहाँ,
न जाने खो गया वो प्यारा सा बचपन कहाँ?
फिर जवानी आई, सुनहरे ख्वाब साथ लाई,
हर मंज़िल को पाने की एक नई प्यास जगाई |
ज़िम्मेदारियों की गठरी कंधों पर जो आई,
भागदौड़ भरी दुनिया में खुद की पहचान दिलाई |
कभी गिरे, कभी संभले, जीवन का रण जीता,
पर इसी कशमकश में कल का सूरज बीता।
अब चेहरे पर झुर्रियां और बालों में सफेदी छाई है,
खामोश नज़रों में यादों की एक गहरी परछाई है।
वही नन्हीं सी मासूमियत फिर से लौट आई है,
बुढ़ापा मानो बचपन की ही एक परछाई है।
लाठी का है सहारा, आँखों में अतीत का मंज़र है,
खड़ा हूँ जहाँ आज, वो यादों का ही समंदर है।
जिंदगी का यह सफर बस यूँ ही चलता जाता है,
इंसान बच्चा बनकर आता है और बच्चा बनकर ही जाता है।

घनश्याम शर्मा

वरिष्ठ सचिवालय सहायक
केंद्रीय विद्यालय महबूबाबाद

## *EVERY CHILD IS UNIQUE AND IMPORTANT*

***"Every child is unique, every child is important."***

***"Inclusion is not a privilege, it is a right."***

***"Different abilities, one classroom, endless possibilities."***

***"Together we learn, together we grow."***

***"Ability beyond disability."***

***"See the ability, not the disability."***

***"Inclusive schools build inclusive societies."***

Inclusion goes beyond the classroom. It is about building empathy among students and creating a culture of acceptance. When peers understand and support CWSN children, it fosters friendships, respect, and a sense of belonging.



Every small achievement of a CWSN child is a big milestone. With encouragement, patience, and the right opportunities, these children can develop independence and confidence to face the world.

Let us work together to create an inclusive school environment where every child is celebrated. Because every child matters, and every child deserves a chance to shine.

Mirza Mohsin Baig
Special Educator
KV Mahabubabad

## Chaitra’s Journey: From Struggles to Success

Once upon a time, there was a girl named Chaitra. During her early school years, she was a bright and intelligent student. She had a few close friends, and they shared a strong bond, always helping each other. After lunch, they would often visit a friend’s house to enjoy Boost together—those were some of the happiest and most memorable moments of her childhood. However, due to family circumstances, Chaitra had to move to a new school and join a hostel. At first, she felt excited about this new chapter, but within a few days, the reality became difficult. She struggled to adjust to the unfamiliar environment and faced discrimination from her peers. She often felt isolated, though she never understood why. Fortunately, a few teachers showed her kindness and compassion. They treated her like their own child, offering not only guidance but also warmth, encouragement, and even small gestures like snacks and bracelets. Their love gave her strength during difficult times. But after two years, those teachers left the school, leaving Chaitra heartbroken and lost, she believed no one else would truly care for her the same way again. Just when she felt completely alone, a new teacher, Jyothi Ma’am, entered her life. She was compassionate and treated every student equally. To Chaitra, she was more than a teacher—she was like a mother. She recognized Chaitra’s hidden talents, encouraged her passion for dance, and inspired her dream of becoming teacher. However, another new teacher, a strict Mathematics teacher, treated Chaitra differently. Since Chaitra struggled with solving problems at that time, the teacher often labelled her as a “dull” student. Sadly, some classmates began to call her the same. Despite being a top performer in Science and English, her talents in these subjects went unnoticed. Jyothi Ma’am, however, recognized Chaitra’s true potential. She encouraged her, built her confidence, and supported her wholeheartedly. With this guidance, Chaitra began to believe in herself again. Although some classmates grew jealous of the attention she received, Jyothi Ma’am remained patient and continued to guide her, especially during the final exams. With determination and the unwavering support of her teacher, Chaitra overcame her hardships. By the time her final exams ended, she had grown stronger and more confident. As she bid farewell to her school, she expressed her gratitude with tears, promising herself that she made a promise to become a teacher like Jyothi Ma’am.



Years later, through perseverance and courage, Chaitra achieved her dream. She became not only a dedicated teacher but also a passionate dancer—proving that with the right guidance and self-belief, even the toughest struggles can lead to success.

**JANGAM NIKITHA**
**TGT ENGLISH**
**KV MAHABUBABAD**

# POEM – TITLE: A WAR INSIDE MY MIND

A War Inside My Mind

Overthinking feels better than real life,
No guilt, no judgments, no endless strife
No thoughts of others to pull me apart,
Just me and the echo of my own heart.
When I cry, I think...
When I smile, I still think...
In boredom or chaos, it stays the same,
My mind keeps playing its endless game.
It builds a world, a story so wide,
With joy and sorrow walking side by side.
Fights and laughter, births and goodbyes,
A thousand scenes behind my eyes.
A movie so real, it could touch the sky,
A silent blockbuster no one can buy.
Because in this world, I truly find,
My real life lives inside my mind.



MONDRU MANASA, PRT

KV MAHABUBABAD

MONDRU MANASA, PRT

# Science teacher is a Builder of Curious Minds.

Science is not just a subject; it helps students develop curiosity, critical thinking, and problem-solving  In school, a science teacher explains natural phenomena such as plants, animals, the human body, energy, and the environment. They make learning interesting by conducting experiments, demonstrations, and activities. This helps students learn by doing rather than just memorizing.  When we switch on a light, we use electricity, which is a result of scientific discovery. Cooking food involves heat energy and chemical changes. Even the simple act of breathing is related to biology, as our lungs take in oxygen and release carbon dioxide. Science teachers also encourage students to ask questions and explore new ideas. This develops scientific thinking and creativity. According to research, teaching methods like inquiry-based learning (learning through experiments and questioning) help students understand science better. In addition, a science teacher teaches important values such as honesty, observation, and respect for nature. They encourage students to care for the environment and use scientific knowledge responsibly. In addition, science teachers act as role models. They inspire students to pursue careers in science, technology, and medicine. Thus, a science teacher is not just a teacher but also a guide, motivator, and innovator in the classroom.



D KARTHIK PREMCHAND
TGT SCIENCE TEACHER.
MAHABUBABAD.

# छात्रों के लेख, कविताएँ, आदि

## दोस्ती

दोस्ती.. एक बहुमूल्य शब्द है, जिससे हमारे जीवन में खुशियां आती है दोस्ती दो के बीच एकता और जो सुख दुख में भाग लेने का वादा सच्ची दोस्ती में ना दूरी ना नजदीकी है जरूरी हर समय में पक्की रहती है जबकि दुनिया सारी एक तरफ और दोस्त की खुशी एक तरफ दोस्त के साथ बिताया समय जीवन में जीने की उमंग भरे शक्ति है दोस्ती, हिम्मत है दोस्ती, धैर्य, साहस, सफलता, लक्ष्य है दोस्ती



पी नंदिता

कक्षा आठवीं

केन्द्रीय विद्यालय महबूबाबाद

**मजेदार रोचक तथ्य**

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- शहद अकेला ऐसा प्राकृतिक पदार्थ है जो कभी खराब नहीं होता।
- हंसने से 50 प्रतिशत तक मानसिक दवाब कम होता है।



जाहनवी

कक्षा दसवीं

केन्द्रीय विद्यालय महबूबाबाद

# पहेलियाँ

1) यह हमको देती आराम,
यह ऊँची तो ऊँचा नाम,
बड़े-बड़े लोगों को देखा,
इसके लिए होता संग्राम ।

[-कुर्सी ]

2. पेट नहीं भरता है उससे स्वाद न कोई जाने,
लोग खाते है अकसर करके लाख बहाने ।

[ -कसम ]

3. लगातार चलती रहती है जल्दी कभी नहीं रुकती,
लेकिन जब वह रुक जाती है तो फिर कभी नहीं चलती।

[ -साँस ]

4. जा जोड़े तो जापान, अमीरों के लिए है यह शान,
बनारसी है इसकी पहचान, दावतो में बढ़ाती मान।

[ -पान ]



चूक्काला सात्विक
कक्षा नवमी
केन्द्रीय विद्यालय महबूबाबाद

# चुटकले

1 . शर्मा जी : बेटा तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ ?

सोहन : अंकल 80% आये है ।

शर्मा जी : पर मार्कशीट पर 40% लिखा है ?

सोहन : बाकी के 40% आधारकार्ड लिंक होने पर सीधे अकाऊंट में आएंगे ।

2. छोटे बच्चे बहुत देर से घर के बहार खड़े होकर दरवाजे की घंटी बजाने की कोशिश कर रहे थे, तो पास वाली सुमन आंटी आई और बोली

सुमन आंटी : क्या कर रहे हो बच्चो ..

बच्चे : यह घंटी बजाना चाह रहे है

सुमन आंटी (घन्टी बजाके) : ये लो बज गयी, अब क्या है .. ?

बच्चें : अब भागो ... !

3. भाई (छोटे भाई को बहुत देर से पाठ याद न होने पर गुस्से में बोला) - तुमने गधा देखा है ?

छोटा भाई - हां ।

बड़ा भाई - उल्लू ?

छोटा भाई - हां ।

बड़ा भाई - तुम्हारी शक्ल दोनों के जैसी है ।

छोटा भाई - पर मम्मी तो कहती हैं मैं आपके जैसा दिखता हूं ।

4. इंस्पेक्टर : कल रात सभी कैदियों ने जेल में रामायण प्ले किया था ।

हवलदार : ये तो अच्छी बात है, इसमें इतना परेशान क्यों हो रहे हो ?

इंस्पेक्टर : - परेशानी ये है कि हनुमान बना कैदी अभी तक संजीवनी लेकर वापस नहीं आया



बी अन्वेष

कक्षा नवमी

केन्द्रीय विद्यालय महबूबाबाद

# उपलब्धियां 2025-26

केन्द्रीय विद्यालय महबूबाबाद के छात्रों ने देखो अपना देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया, प्रति छात्र 7000 रुपये, मोमेंटो, सर्टिफिकेट, गिफ्ट हैंपर प्राप्त किया
कुल भाग लेने वाले विद्यार्थी - 04










केंद्रीय विद्यालय ने सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 100% परिणाम हासिल किया। स्कूल के टॉपर ने 93% अंक प्राप्त किए। मास्टर मलोथ अभिनव सिंह।

# 11.04.2025 - अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन

11.04.2025 को हमारे विद्यालय में अग्नि सुरक्षा पर एक प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य अग्नि खतरों और आग बुझाने के सही तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। यह सत्र स्थानीय अग्निशमन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

प्रदर्शन में तीन मुख्य घटक शामिल थे:



**1. एलपीजी गैस की आग:**
अग्निशमन कर्मियों ने दिखाया कि एलपीजी गैस का रिसाव कितनी जल्दी आग पकड़ सकता है और ऐसी आपात स्थिति में क्या उचित कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास करने से पहले गैस की आपूर्ति बंद करने और क्षेत्र को हवादार बनाने पर जोर दिया।

**2. पेट्रोल की आग:**
पेट्रोल की ज्वलनशीलता दिखाने के लिए एक नियंत्रित पेट्रोल की आग लगाई गई। टीम ने पेट्रोल की आग पर पानी का उपयोग करने के खतरों के बारे में बताया, क्योंकि इससे आग फैल सकती है, और ऐसी आग के लिए उपयुक्त फोम-प्रकार के अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रदर्शन किया।

**3. सामान्य अग्निशामक यंत्र का उपयोग:**
प्रदर्शन में मानक अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल था। विद्यार्थियों ने आग बुझाने की PASS तकनीक सीखी - पिन खींचो, आधार पर निशाना लगाओ, हैंडल दबाओ और अगल-बगल घुमाओ - जिससे वे सुरक्षित रूप से आग बुझा सकते हैं।

यह कार्यक्रम अत्यंत शिक्षाप्रद और संवादात्मक था। इसने विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के बारे में आवश्यक ज्ञान प्रदान किया और आपातकालीन स्थितियों को जिम्मेदारी से संभालने का आत्मविश्वास बढ़ाया।

# इको क्लब के अंतर्गत वनस्पति के लिए क्यूआर कोड

इको क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने हेतु विद्यालय परिसर में स्थित विभिन्न वनस्पतियों की जानकारी को डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से QR कोड तैयार किए गए। **कक्षा छह से दस तक के छात्रों ने भाग लिया**

**22.04.2025**

**उद्देश्य:** विद्यार्थियों को स्थानीय वनस्पतियों के बारे में जानकारी देना



- डिजिटल तकनीक (QR कोड) का उपयोग सिखाना
- पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना
- स्व-अध्ययन एवं अनुसंधान कौशल विकसित करना

**कार्यविधि :**विद्यालय परिसर में विभिन्न पौधों/वृक्षों की पहचान की गई

- प्रत्येक पौधे की जानकारी (नाम, वैज्ञानिक नाम, उपयोग, विशेषताएं) एकत्रित की गई
- इस जानकारी को गूगल डॉक/वेबपेज में अपलोड किया गया
- प्रत्येक पौधे के लिए अलग-अलग QR कोड जनरेट किए गए
- QR कोड को प्रिंट कर संबंधित पौधों के पास लगाया गया

**गतिविधि का विवरण:** इको क्लब के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में लगभग _10__ पौधों की जानकारी संकलित की। इन पौधों में नीम, पीपल, तुलसी, अमलतास आदि शामिल हैं। प्रत्येक पौधे के पास QR कोड लगाया गया जिससे कोई भी व्यक्ति मोबाइल से स्कैन कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकता है।

**परिणाम/उपलब्धियां:** विद्यार्थियों में तकनीकी एवं पर्यावरणीय ज्ञान में वृद्धि हुई

- विद्यालय परिसर एक “डिजिटल ग्रीन जोन” के रूप में विकसित हुआ
- आगंतुकों एवं अन्य विद्यार्थियों को भी वनस्पति की जानकारी आसानी से उपलब्ध हुई

**निष्कर्ष:** यह गतिविधि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रही। इससे डिजिटल शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का समन्वय सफलतापूर्वक हुआ।

# तरुणोत्सव (Tarunotsav) 25.04.2025

**EXPERT: 1) PRASAD PINNOJU Professor**

**2) R.V. PRASAD , Asst. Professor, JNTU ENGINEERING**

టైమ్స్ ఆఫ్ వార్త
తెలుగు దినపత్రిక

## పదవ తరగతి చదివిన, చదువుతున్న విద్యార్థులకు ఎడ్యుకేషన్ కౌన్సెలింగ్

- పాల్గొన్న జేఎన్టీయూహెచ్ మహబూబాబాద్ ఇంజనీరింగ్ కాలేజ్ ప్రొఫెసర్లు
- పాల్గొన్న కేంద్రీయ విద్యాలయ ఇంచార్జ్ ప్రిన్సిపాల్ ముఖేష్ కుమార్

మహబూబాబాద్ జిల్లా ప్రతినిధి టైమ్స్ ఆఫ్ వార్త



మహబూబాబాద్ జిల్లా కేంద్రంలోని కేంద్రీయ విద్యాలయంలో 2024-25, మరియు 2025-2026 చదువుతున్న విద్యార్థులకు జేఎన్టీయూహెచ్ ఆధ్వర్యంలో తరుణ్ ఉత్సవ్ లో భాగంగా శుక్రవారం పాఠశాలలో ఎడ్యుకేషన్ గైడెన్స్, కౌన్సెలింగ్ నిర్వహించారు. ఈ సందర్భంగా కెమిస్ట్రీ ప్రొఫెసర్ ప్రసాద్ పిన్నోజు విద్యార్థులకు సంబంధిత సబ్జెక్టుపై అవగాహన కల్పించారు. భవిష్యత్తులో విద్యార్థులు సైన్స్ పై ప్రత్యేక దృష్టి సారించి మంచి ఫలితాలను సాధించాలని అవగాహన కల్పించారు. అదేవిధంగా యూనివర్సిటీ ఎలక్ట్రానిక్స్ మరియు కంప్యూటర్ విభాగం అసిస్టెంట్ ప్రొఫెసర్ ఆర్.వి. ప్రసాద్ కంప్యూటర్ పట్ల అవగాహన, ఎలక్ట్రానిక్స్ అంశాలపై విద్యార్థులకు అవగాహన కల్పించారు. ఈ కార్యక్రమంలో కేంద్రీయ విద్యాలయ ఉపాధ్యాయులు గిరిధర్ కుమార్ శుక్ల, రితేష్ కుమార్ మౌర్య తదితరులు పాల్గొన్నారు.

SATURDAY Page 2 26 Apr 2025
https://epaper.timesofvartha.com/clip/38481

25.04.2025








# भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर 2 to 10 June ,2025

**अवधि:** 02.06.2025 to 10.06.2025

**प्रतिभागी वर्ग:** कक्षा VIII से X तक के विद्यार्थी



**प्रस्तावना :** Kendriya Vidyalaya Sangathan द्वारा *Bharatiya Bhasha Summer Camp* का आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि, सम्मान एवं व्यवहारिक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य भाषाई विविधता को समझना एवं “एक भारत श्रेष्ठ भारत” की भावना को सुदृढ़ करना था।

**उद्देश्य:** विभिन्न भारतीय भाषाओं का परिचय एवं प्रोत्साहन

- भाषाई कौशल (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना) का विकास
- सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना
- विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास

**आयोजित गतिविधियाँ :** शिविर के दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:

- **भाषा परिचय सत्र:** विभिन्न भारतीय भाषाओं (जैसे हिंदी, संस्कृत, तेलुगु, तमिल, मराठी आदि) का परिचय
- **कहानी एवं कविता पाठ:** विभिन्न भाषाओं में कहानी सुनाना एवं कविता पाठ
- **संवाद अभ्यास (Conversation Practice):** दैनिक उपयोग के वाक्यों का अभ्यास
- **गीत एवं नृत्य:** क्षेत्रीय भाषाओं के गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ
- **हस्तकला एवं पोस्टर निर्माण:** भाषाई विषयों पर रचनात्मक कार्य
- **भाषा खेल (Language Games):** क्विज़, शब्द पहेली, आदि
- **नाटक एवं रोल प्ले:** विभिन्न भाषाओं में लघु नाट्य प्रस्तुतियाँ

**सहभागिता :** कुल विद्यार्थियों की संख्या: 74

- शिक्षकों की संख्या: 4
- संसाधन व्यक्तियों (यदि कोई): 4

**प्रमुख उपलब्धियाँ** विद्यार्थियों में विभिन्न भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि में वृद्धि

- संचार कौशल में सुधार
- सांस्कृतिक जागरूकता एवं एकता की भावना का विकास
- विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं टीमवर्क की भावना में वृद्धि

**प्रतिक्रिया**




विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा शिविर को अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक बताया गया। विद्यार्थियों ने नई भाषाएँ सीखने में उत्साह दिखाया और गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की।

**निष्कर्ष :***Bharatiya Bhasha Summer Camp* सफलतापूर्वक आयोजित किया गया और इसने विद्यार्थियों में भाषाई विविधता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया। यह शिविर भविष्य में भी निरंतर आयोजित किया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं का व्यापक ज्ञान प्राप्त हो सके।

# विश्व पर्यावरण दिवस 05.06.2025

**विश्व पर्यावरण दिवस 2025 पर प्रतिवेदन**

**दिनांक:** 05 जून 2025

**विषय (Theme):** *"भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता"*

"एक पेड़ माँ के नाम" अभियान

**प्रस्तावना:**

केन्द्रीय विद्यालय महबूबाबाद में 05 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना एवं सतत विकास के महत्व को समझाना था।




**उद्देश्य:**

- पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना
- विद्यार्थियों में पर्यावरण-अनुकूल आदतों का विकास करना
- वृक्षारोपण एवं जैव विविधता को बढ़ावा देना
- वैश्विक पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना

**आयोजित गतिविधियाँ:**

1. **विशेष प्रार्थना सभा:**
   कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर भाषण, विचार एवं नारे प्रस्तुत किए।

2. **वृक्षारोपण कार्यक्रम:**
   विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला गया।
3. **पोस्टर निर्माण एवं नारा लेखन प्रतियोगिता:**
   विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पोस्टर एवं नारे बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
4. **जागरूकता रैली:**
   विद्यालय के आसपास के क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को "पर्यावरण बचाओ" एवं "प्लास्टिक का उपयोग बंद करो" का संदेश दिया गया।
5. **स्वच्छता अभियान:**
   विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता का महत्व समझाया।
6. **इको क्लब गतिविधियाँ:**
   इको क्लब द्वारा प्रश्नोत्तरी, जलवायु परिवर्तन पर चर्चा एवं कचरा पृथक्करण पर प्रदर्शन आयोजित किया गया।

**भागीदारी:**

इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 तक के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने सक्रिय भाग लिया। इको क्लब के सदस्यों की विशेष भूमिका रही।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21.06.2025

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025** **दिनांक:** 21 जून 2025

**स्थान:** केन्द्रीय विद्यालय महबूबाबाद

**विषय (Theme):** *"Yoga for Self and Society" (या KVS द्वारा निर्धारित थीम के अनुसार संशोधित करें)*

**प्रस्तावना:** विद्यालय में 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व से अवगत कराना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।



**उद्देश्य:** योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना

- शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना
- दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करना
- अनुशासन एवं एकाग्रता का विकास करना

**आयोजित गतिविधियाँ:**

**योग सत्र का आयोजन:** प्रातःकाल विद्यालय परिसर में सामूहिक योग सत्र आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए।

**योग प्रोटोकॉल का पालन:** प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल (CYP) के अनुसार ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, प्राणायाम आदि का अभ्यास किया।

**विशेष संबोधन:** प्रधानाचार्य द्वारा योग के महत्व, इसके लाभ एवं दैनिक जीवन में इसके उपयोग पर प्रकाश डाला गया।

**योग पर भाषण एवं निबंध:** विद्यार्थियों ने योग के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया।

**प्रतिज्ञा ग्रहण:** सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ ली।

इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा उन्होंने इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, अनुशासन एवं समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।



# विद्यार्थियों के स्कूल बैग का वजन कम करना

बैग का वज़न छात्र के वज़न का केवल 10% होना चाहिए।

कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

और PTSM आयोजित किया गया।

कुल उपस्थित अभिभावक: 156

बैग के वज़न से बच्चे के स्वास्थ्य

और लंबाई पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों, घूमने की गति आदि के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। बैग का वज़न कम होने के लाभों के बारे में बताया गया।

## 30.06.2025










# न्यूज़ पेपर कवरेज

केन्द्रीय विद्यालय महबूबाबाद अपने विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के प्रभावी प्रसार हेतु इलेक्ट्रॉनिक समाचार पत्रों (ई-पेपर) का उपयोग करता है। विद्यालयों में आयोजित शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक, राष्ट्रीय पर्वों तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों को ऑनलाइन समाचार पोर्टलों में प्रमुखता से प्रकाशित किया जाता है। इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा को व्यापक मंच मिलता है तथा अभिभावकों,




हितधारकों और आम जनता तक विद्यालय की उपलब्धियाँ आसानी से पहुँचती हैं। यह डिजिटल कवरेज KVS की पारदर्शिता, जनसंपर्क और सकारात्मक छवि को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# 14 से 18 जुलाई 2020 तक STEM सप्ताह का उत्सव मनाया गया

**<u>स्कूल इनोवेशन काउंसिल (एसआईसी)</u>**

**<u>14 जुलाई को निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:</u>**




- सुबह की सभा में सुश्री यासीन कौसर द्वारा एसआईसी का संक्षिप्त परिचय दिया गया। उन्होंने स्कूल इनोवेशन काउंसिल के बारे में बताया और छात्रों को इस गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।
- कक्षा में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- एसटीईएम से संबंधित करियर कार्ड पर संक्षिप्त चर्चा की गई।
- एटीएल लैब उपलब्ध न होने के कारण एटीएल लैब से संबंधित गतिविधि आयोजित नहीं की गई।

**INSPIRE पुरस्कार, मानक यासीन विद्यार्थी विज्ञान कौसर मंथन (VVM)**

**<u>15 जुलाई को निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:</u>**




- सुश्री यासीन कौसर द्वारा "हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान" विषय पर पोस्टर/चार्ट बनाना
- यासीन मैडम द्वारा एक युवा भारतीय नवप्रवर्तक की प्रेरणादायक कहानी का संक्षिप्त विवरण।
- विद्यार्थियों को विद्यार्थी विज्ञान मंथन में पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित करना।
- विद्यार्थियों को परियोजनाओं के चयन के लिए सुझाव देना।

**<u>आरबीवीपी एवं मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम</u>**

**<u>16 जुलाई को निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:</u>**

- श्री रीतेश कुमार मौर्य द्वारा मृदा स्वास्थ्य, जैव विविधता, मूल्यों और सतत विकास पर संक्षिप्त परिचय दिया गया।
- जैव विविधता, मूल्यों और सतत विकास पर एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

• मृदा स्वास्थ्य पर एक व्याख्यान दिया गया, जो पिछले वर्ष भी आयोजित किया गया था। इस वर्ष विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र महबूबाबाद का दौरा किया था और मृदा एवं उसके स्वास्थ्य के बारे में सीखा था।

**प्रयास एवं युविका कार्यक्रम**

**17 जुलाई को निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:**

• सुबह की सभा में श्री विद्या सागर द्वारा वैज्ञानिक उपलब्धियों पर एक संक्षिप्त कहानी सुनाई गई।

• सुबह की सभा में श्री विद्या सागर द्वारा अंतरिक्ष में भारत के बारे में संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया, जिसमें इसरो के बारे में तथ्य और पिछले मिशनों का विवरण शामिल था।




• अंतरिक्ष विज्ञान पर एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

• कक्षा में अंतरिक्ष मिशन पर एक लघु वृत्तचित्र दिखाया गया।

**गणित ओलंपियाड (एचबीसीएसई) -**

